# University in News on 16 June 2020

**AMAR UJALA MY CITY Page 5**

## 26 तक भरे जाएंगे लविवि के परीक्षा फॉर्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा फॉर्म अब 26 जून तक भरे जा सकते हैं। विवि ने लॉकडाउन को देखते हुए बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख एक बार फिर से बढ़ा दी है। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 16 जून थी। कोरोना संक्रमण की आशंका में लविवि समेत सभी कॉलेज लॉकडाउन से पहले ही बंद चल रहे हैं। इसलिए विवि ने परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख एक बार फिर से बढ़ाने का फैसला किया है। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी आदेश में ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सभी विद्यार्थियों के लिए नैड आईडी अनिवार्य है। परीक्षा फॉर्म भरने के बाद कॉलेज के प्राचार्यों को परीक्षा फॉर्म की सूची और फीस परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को 30 जून तक उपलब्ध करानी होगी। विद्यार्थियों को कॉलेज न बुलाने संबंधी पत्र लविवि के डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. अवधेश त्रिपाठी ने पहले ही जारी कर दिया है। विद्यार्थी ईमेल के माध्यम से अपना प्रिंट आउट कॉलेजों को भेज सकते हैं।

**PIONEER Page 3**

## फार्म जमा करने के लिए छात्रों को बुलाने पर मुमताज कालेज को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वायरस के संक्रमण से छात्रों को बचाने के लिए सरकार के निर्देश पर शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने के आदेश के बीच छात्रों को फार्म जमा करने के लिए कालेज बुलाये जाने पर लखनऊ विश्वविद्यालय कालेज डेवलपमेंट काउंसिल ने मुमताज पीजी कॉलेज महाविद्यालय प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इससे पूर्व नवयुग पीजी कालेज को विवि नोटिस जारी कर चुका है।लाकडाउन में छात्रों के परीक्षा सम्बन्धी फार्म ऑनलाइन भराये जा रहे हैं। इसके पीछे मकसद छात्रों को कोरोना वायरस से बचाने की है। पर बीते शनिवार को बड़ी संख्या में नवयुग कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को फीस भरने के लिए बुलवा लिया गया था। बाद में मामला संज्ञान में आने के बाद प्राचार्या ने माफी मांगकर छात्राओं को वापस कर दिया था। वहीं सोमवार को डालीगंज स्थित मुमताज पीजी कॉलेज में भी स्टूडेंट्स परीक्षा फॉर्म जमा करवाने के लिए बुला लिया गया। स्टूडेंट्स के ज्यादा संख्या में आने का मामला संज्ञान में आने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं कॉलेज के वाइस प्रिंसपल डॉ. अब्दुल रहमान ने स्टूडेंट्स को न बुलाने की जानकारी न होने की बात कही है। जबकि एलयू सीडीसी के डीन का कहना है कि सभी कॉलेजों को पत्र प्रेषित किया गया है, ये कॉलेज प्रशासन की लापरवाही है। इसके लिए इन्हें अगले तीन दिनों में स्पष्टीकरण देना होगा।

शनिवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को परीक्षा फार्म जमा करने के लिए कॉलेज बुलाया गया था। एलयू के आदेशों के विपरित कोविड.19 के नियमों का पालन नहीं किया गया।

**HINDUSTAN Page 7**

## लविवि ने परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई


**राहत**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि बढ़ा दी। छात्र अब 26 जून तक आवेदन कर सकते हैं। कोरोना और परीक्षा फार्म भरने में आ रही दिक्कतों के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। यह आवेदन अप्रैल-मई 2020 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए हो रहे हैं।

विश्वविद्यालय ने साफ किया है कि विश्वविद्यालय परिसर के छात्रों को सिर्फ ऑनलाइन फार्म जमा करना है। उन्हें परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना है। विश्वविद्यालय के बैकपेपर, इम्प्रूवमेंट, इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। उसके बाद स्नातक के छात्र संकायाध्यक्ष और परास्नातक के छात्र विभागाध्यक्ष के पास फार्म जमा करेंगे।

सभी संकायाध्यक्षों को 30 जून तक इसकी सूची परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी। वहीं, सहयुक्त महाविद्यालयों के बैकपेपर, इम्प्रूवमेंट, इक्जम्टेड छात्र ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा शुल्क जमा करके, इस संबंध में प्राचार्य को ई-मेल करेंगे, या उनके कार्यालय में फार्म जमा करेंगे। महाविद्यालयों को 30 जून तक सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है।



### छात्रों को महाविद्यालयों में बुलाने से बचें:

अभी तक महाविद्यालय के छात्रों को ऑनलाइन फार्म जमा करने के बाद उसकी फोटोकॉपी संबंधित प्राचार्य के कार्यालय में जमा करनी होती थी। कोरोना के मद्देनजर विश्वविद्यालय ने छात्रों को महाविद्यालयों में बुलाने से बचने की नसीहत दी है। हार्ड कॉपी के स्थान पर ई-मेल से कॉपी प्राप्त करने का सुझाव दिया है।

### कोरोना काल में छात्रों को बुलाने पर जवाब तलब

लविवि ने सोमवार को राजधानी के दो डिग्री कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोरोना के खतरे के बीच छात्र-छात्राओं को कॉलेज बुलाने के चलते यह कार्रवाई की गई। बीते शनिवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी जमा करने के लिए बुलाया गया था। वहीं, सोमवार को मुमताज डिग्री कॉलेज में भी इसी तरह विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म जमा करने के लिए बुला लिया गया। नवयुग कन्या महाविद्यालय प्रशासन को कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने नोटिस भेजा है। वहीं, मुमताज कॉलेज प्रशासन से अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. अवधेश त्रिपाठी ने जवाब तलब किया है।

**DAINIK JAGRAN Page 4**

## 26 जून तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे छात्र

लविवि ने सोमवार को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। छात्र अब 26 जून तक आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि यह आवेदन अप्रैल व मई 2020 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए हो रहे हैं। लविवि प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि विश्वविद्यालय परिसर के छात्रों को सिर्फ ऑनलाइन फॉर्म जमा करना है। परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना है। विश्वविद्यालय के बैकपेपर व इम्प्रूवमेंट छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। सभी संकायाध्यक्षों को 30 जून तक इसकी सूची परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी। वहीं सयुक्त महाविद्यालयों के बैकपेपर, इम्प्रूवमेंट व इक्जम्टेड छात्र ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा शुल्क



जमा करके संबंध प्राचार्य को ई-मेल या उनके कार्यालय में जमा करेंगे। महाविद्यालयों को भी 30 जून तक सूची उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। कोरोना संक्रमण के चलते विश्वविद्यालय ने छात्रों को महाविद्यालयों में न बुलाने को कहा है। हार्ड कॉपी के स्थान पर ई-मेल से कॉपी प्राप्त करने का सुझाव दिया है।

## छात्रों को कॉलेज बुलाया तो लविवि ने मांगा स्पष्टीकरण

लविवि ने सोमवार को राजधानी के दो डिग्री कॉलेजों के खिलाफ नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। लविवि ने यह कार्रवाई संक्रमण के खतरे के बीच छात्र-छात्राओं को कॉलेज बुलाने के कारण की है। इन कॉलेजों को जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। बता दें, बीते शनिवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को परीक्षा फॉर्म की हार्डकॉपी जमा करने के लिए बुलाया था। इस दौरान छात्रों की भीड़भाड़ वाली कई फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। मामला बीते हुए दो दिन भी नहीं हुए थे कि सोमवार को मुमताज डिग्री कॉलेज में भी इसी तरह विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए बुला गया था। नवयुग कन्या महाविद्यालय प्रशासन को लविवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने नोटिस भेजा है। वहीं, मुमताज कॉलेज प्रशासन को अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद (सीडीसी) प्रो. अवधेश त्रिपाठी ने नोटिस जारी किया। प्रो. अवधेश ने बताया कि विश्वविद्यालय ने भी बीते माह परीक्षा फॉर्म की हार्डकॉपी जमा कराने के बजाय ई-मेल से प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके कई कॉलेजों में लापरवाही बरती जा रही है।

**TOI Page 2**

## LU notice to Mumtaz college for breaching Covid curbs

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Lucknow University took a strong note of Mumtaz PG College not following its directives and calling students to campus to submit examination forms leading to violation of social distancing and served a show-cause notice to the college on Monday.

LU had directed all its 170 affiliated college not to make students submit a hardcopy of the examination form.

Despite the orders, scores of students reached college to submit forms. No social distancing could be maintained in the rush. In the notice, dean of college development council, LU, Awad-

hesh Tripathi has sought an explanation from the college on why students were called when the entire process is being done online.